"हर काम देश के नाम"

कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

O/o The Controller General of Defence Accounts

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

दूरभाष : 011-25665742 फैक्स : 011- 25674806 ईमेल : hindicell.cgda@nic.in

(राजभाषा अनुभाग)

सं. 0746/हि0क0/हि0प0/मु0का0/2023 दिनांक : 19 सितम्बर, 2023

सेवा में

सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालय/

प्रधान लेखा नियंत्रक(फै.)

विषय : हिंदी दिवस -2023 के अवसर पर माननीय रक्षा मंत्री का संदेश।

******

उपर्युक्त विषय पर रक्षा मंत्रालय के दिनांक 01सितम्बर 2023 के पत्र सं. 8(1)/2023-रक्षा (रा.भा.) के अंतर्गत प्राप्त हिंदी दिवस, 2023 के अवसर पर माननीय रक्षा मंत्री के संदेश की प्रति प्रेरणार्थ एवं अधीनस्थ कार्यालयों में परिचालित करने हेतु प्रेषित हैं।

संलग्न : यथोपरि

(पंकज कुमार)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (रा.भा.)

राजनाथ सिंह
RAJNATH SINGH

सत्यमेव जयते

रक्षा मंत्री
भारत
DEFENCE MINISTER
INDIA

संदेश

रक्षा मंत्रालय तथा इसके अंतर्गत आने वाले सैन्य कार्यालयों, अंतर सेवा संगठनों, रक्षा क्षेत्र के उपक्रमों, भूतपूर्व सैनिकों एवं इनसे सरोकार रखने वाले सभी आम नागरिकों को हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

भारत एक बहुभाषी देश है। यहां अनेक भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं। हमारी सभी भाषाएं एवं बोलियां हमारी धरोहर हैं। हमारा देश सांस्कृतिक और भाषाई दृष्टि से विविधतापूर्ण और समृद्ध है। संपर्क भाषा के रूप में हिंदी के सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए हमारे संविधान निर्माताओं ने 14 सितंबर, 1949 को देवनागरी लिपि को भारत संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। तभी से हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

हिंदी का समावेशी स्वरूप व्यापक है। इसमें दूसरी भाषाओं और बोलियों को आत्मसात करने की अद्वितीय क्षमता है। हाल के वर्षों में आम जनता की भाषा के रूप में स्वीकार्यता, प्रौद्योगिक विकास की गति को बनाए रखने के सामर्थ्य और सुशासन में पारदर्शिता को सुनिश्चित करने में हिंदी की भूमिका महत्वपूर्ण साबित हुई है। हमारे वीर सैनिकों की तरह हिंदी में राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्य रखने की शानदार शक्ति है।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए रक्षा मंत्रालय में हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। मैं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील करता हूं कि वे हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें और सरकारी काम काज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें।

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को पुनः मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

"जय हिंद"

(राजनाथ सिंह)

1112
19/09/23

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 01 सितम्बर, 2023

Office : Room No. 104, Ministry of Defence, South Block, New Delhi-110011
Tel. : +91 11 23012286, +91 11 23019030, Fax : +91 11 23015403
E-mail : rmo@mod.nic.in